दैनिक जागरण 20/08/2025

# विद्यार्थियों को कम लागत में पौष्टिक भोजन बनाना सिखाया



जीएमएन कालेज में विद्यार्थियों को संबोधित करती वक्ता • सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** • **(विज्ञप्ति)** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में कम लागत में स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन विषय पर भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांधी मेमोरियल कालेज आफ नर्सिंग की वाइस प्रिंसिपल डा. रामा रानी ने स्वच्छता और भोजन सुरक्षा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय एवं मौसमी सब्जियों का उपयोग कर कम लागत में पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन कैसे तैयार कर सकते हैं। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस तरह के आयोजन को प्रोत्साहित करते हुए वूमेन सेल की संयोजिका डा. नेहा अग्रवाल को आने वाले समय में इस तरह के आयोजन करवाते रहने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह कालेज में हिंदी विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को याद करते हुए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया।